कार्यालय अधिष्ठाता,
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
Phone No. 0771-2525602, 2890001 (Fax) 0771-2523919
E-Mail. ptjnm_mcr@rediffmail.com, www.ptjnmcraipur.in

क्रमांक/चिकि/स्टेनो/2020/3852 रायपुर, दिनांक 26/3/2020

//आदेश//

नोवल कोरोना वायरस के स्थिति से निपटने में इंटर्न चिकित्सकों की सेवाएं बढ़ाने के उद्देश्य से संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा, रायपुर के पत्र क्रमांक/3214/संचिशि/नि.स./2020 रायपुर, दिनांक 26.03.2020 में दिये गये निर्देश के परिपालन में इस महाविद्यालय के ऐसे इंटर्न (जिन्होंने इस महाविद्यालय से MBBS पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया है) जिनकी इंटर्नशीप की अवधि माह मार्च 2020 में पूर्ण हो रही है उन्हें अवधि पूर्ण होते ही अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक जूनियर रेसीडेन्ट के पद पर अस्थायी नियुक्ति प्रदान की जाती है।

संबंधित इंटर्न चिकित्सक अपनी उपस्थिति जूनियर रेसीडेन्ट के पद पर उस विभागाध्यक्ष को देंगे जिस विभाग में उनकी इंटर्नशीप की अंतिम पोस्टिंग लगायी गयी थी।

विदित हो कि कोरोना वायरस संक्रमण की बिमारी को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया गया है जिसके तारतम्य में अत्यधिक स्वास्थ्य अमले की आवश्यकता को देखते हुए उपरोक्तानुसार नियुक्ति की जा रही है। जो कि पूर्णतः अस्थायी है जिसे बिना पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकेगा। नियुक्त चिकित्सकों को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय देय होगा। इस संबंध में भविष्य में संचालक, चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़ के द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश लागू होंगे।

26/3/20
अधिष्ठाता
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग.

पृ.क्रमांक/चिकि/स्टेनो/2020/3853-60 रायपुर, दिनांक 26/3/2020
प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव, माननीय मंत्रीजी, छ.ग. शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।
3. संचालक, चिकित्सा शिक्षा, रायपुर की ओर सूचनार्थ।
4. संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ कर लेख है कि आपके विभाग में इन्टर्नशीप की अंतिम पोस्टिंग के अंतर्गत कार्यरत इंटर्न को सूचित कर उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए उपस्थिति की जानकारी से इस कार्यालय को अवगत करावें।
6. समस्त इंटर्न (जिन्होंने इस महाविद्यालय से MBBS पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया है व जिनकी इंटर्नशीप की अवधि माह मार्च 2020 में पूर्ण हो रही है) की ओर सूचनार्थ व पालनार्थ।
7. प्रभारी, स्थापना/छात्र/लेखा शाखा, स्थानीय कार्यालय, की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
8. सूचना फलक, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर।

अधिष्ठाता
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग.

Scanned with CamScanner